वर्ष-01, अंक- 299
छपरा
30 अगस्त शुक्रवार 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## मदरसा और दरगाह भी जाएगी भाजपा, बढ़ाएगी सदस्य

**अल्पसंख्यक मोर्चा ने बनाया 50 लाख सदस्यों का प्लान**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान की तैयारियां कर ली हैं। खबर है कि अल्पसंख्यक मोर्चा ने भी पार्टी में 50 लाख सदस्य शामिल करने का लक्ष्य रखा है। कहा जा रहा है कि इसके लिए पार्टी मदरसा और दरगाह समेत कई स्थानों तक पहुंचेगी। इसके अलावा बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय और सिख समुदाय के सदस्यों को भी भाजपा शामिल कराने की कोशिश अल्पसंख्यक मोर्चा करेगा। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी की मौजूदगी में वर्कशप का आयोजन हुआ था। इसमें अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू भी शामिल हुए थे। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में सिद्दीकी ने बताया था कि सदस्यता अभियान 2 सितंबर से 10 नवंबर तक चलेगा।

## स्मृति ईरानी होंगी दिल्ली में भाजपा का सीएम चेहरा!

**कहा-पिछले 10 चुनाव में गली नुक्कड़ के चुनाव में भी मेरा ही नाम आता है**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी नेता और उत्तर प्रदेश के अमेठी से पूर्व सांसद स्मृति ईरानी लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार कैमरे के सामने खुलकर बात करतीं नजर आईं। इस दौरान उन्होंने चुनाव के नतीजों समेत कई मुद्दों पर भी बात की। इसी बीच दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के मुख्यमंत्री चेहरे की अटकलों को लेकर भी सवाल पूछा गया। यूट्यूब पर पोस्ट हुए एक पॉडकास्ट टॉप एंगल विद सुशांत सिन्हा में ईरानी ने कहा कि उनका नाम हर चुनाव में लिया जाने लगा है। साथ ही उन्होंने कहा कि अब वो इन बातों पर ज्यादा भरोसा नहीं करती हैं। 2024 लोकसभा चुनाव ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

## अडाणी फैमिली देश में सबसे अमीर,अंबानी को पीछे छोड़ा

**मुंबई (एजेंसी)।** अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी और उनके परिवार की कुल संपत्ति एक साल में 95% बढ़कर 11.62 लाख करोड़ रुपए हो गई। अडाणी परिवार ने अपनी टोटल वेल्थ में पिछले एक साल में 5,65,503 करोड़ रुपए का इजाफा किया है। अडाणी फैमिली ने अंबानी परिवार को पीछे छोड़कर देश की सबसे धनवान फैमिली बन गई है। अंबानी परिवार की संपत्ति 10.15 लाख करोड़ रुपए है। एक साल में इसमें 25त्न की बढ़ोतरी हुई है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के मुताबिक, हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद भी गौतम अडानी एंड फैमिली ने पिछले साल की तुलना में संपत्ति में 95% की ग्रोथ हासिल की। HCL के मालिक शिव नाडार एंड फैमिली 3.14 लाख करोड़ रुपए और सीरम इंस्टीट्यूट के मालिक साइरस एस. पूनावाला एंड फैमिली 2.90 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ लिस्ट में तीसरे और चौथे नंबर पर हैं।

## हरियाणा फतह की तैयारी,दिल्ली में बीजेपी की बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा केंद्रीय मंत्री अमित शाह सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करने के लिए गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर बैठक की। यह बैठक आज शाम बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक से पहले हुई है। सीईसी की मीटिंग के दौरान पैनल 1 अक्टूबर को होने वाले चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की सूची को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।

**31 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में भारी बारिश का अलर्ट; सेना की 6 टुकड़ियां बचाव में जुटीं**

# गुजरात में बारिश से 939 सड़कें बंद, 28 की मौत





**नई दिल्ली ,एजेन्सी।** गुजरात में पिछले दिनों हुई भारी बारिश से कई शहरों में बाढ़ आ गई है। बिजली कनेक्शन टूटने से लोग कई दिनों से अंधेरे में हैं। राज्य में अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में 7 राष्ट्रीय राजमार्ग, 66 राज्य राजमार्ग, 92 अन्य सड़कें और 774 पंचायत सड़कें मिलाकर 939 सड़कें बंद हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल को फोन कर लगातार दूसरे दिन हालात की जानकारी ली। इस बीच मौसम विभाग ने अगले छह दिनों के दौरान 31 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। साथ ही शुक्रवार को ओडिशा और तेलंगाना में भारी से अति भारी (20 सेमी से ज्यादा) और छत्तीसगढ़, केरल, तटीय आंध्र प्रदेश, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में भारी बारिश (12 सेमी से ज्यादा) की चेतावनी दी है।

**अगले छह दिनों में इन राज्यों में होगी भारी बारिश :**मौसम विभाग के अनुसार, सौराष्ट्र और कच्छ के ऊपर बना गहरे दबाव का क्षेत्र 30 अगस्त को पूर्वी अरब सागर के ऊपर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है। इसकी वजह से 31 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में 30 से 4 सितंबर के दौरान भारी बारिश होने का अनुमान है। ये राज्य ओडिशा, तटीय कर्नाटक, केरल, उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, पूर्वी-पश्चिमी उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, गोवा, पूर्वी-पश्चिमी मध्य प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा, अंडमान एवं निकोबार द्वीप, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तराखंड और राजस्थान हैं।

**गुजरात में हाल बेहाल :**गुजरात में बृहस्पतिवार को बारिश कम हुई। इससे स्थिति में थोड़ा सुधार दिखा। हालांकि वडोदरा और राज्य के कुछ अन्य इलाकों में नदियां अभी भी उफान पर हैं। राज्य में 238 तहसीलें भारी बारिश के चलते बाढ़ की चपेट में हैं। भारी बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित वडोदरा में स्थिति में पहले से सुधार हुआ। विश्वामित्री नदी का जलस्तर सुबह 37 फुट से घटकर 32 फुट रह गया है। हालांकि, शहर के कई निचले इलाके अभी भी जलमग्न हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन के साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), सेना, वायुसेना और भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर राज्य के सबसे ज्यादा बाढ़ प्रभावित इलाके वडोदरा, द्वारका, जामनगर, राजकोट और कच्छ में राहत और बचाव कार्य संचालित कर रहे हैं।

**क्रिकेटर राधा यादव और उनके परिवार को बचाया गया :**महिला क्रिकेटर राधा यादव और उनका परिवार वडोदरा में बाढ़ में फंस गया था। एनडीआरएफ ने बुधवार को इन सभी को सुरक्षित बचाया। राधा ने इसके लिए एनडीआरएफ का धन्यवाद जताया। वहीं वायुसेना ने बृहस्पतिवार को देवभूमि द्वारका में बाढ़ में फंसे चार लोगों को हेलिकॉप्टर के जरिये सुरक्षित निकाला। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) ने बताया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 18,000 से अधिक लोगों को स्थानांतरित किया गया है

### पीएम मोदी ने राहत और बचाव कार्यों की ली जानकारी

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन मुझे फोन किया और स्थिति की जानकारी ली। पीएम ने विश्वामित्री नदी में आई बाढ़ पर चिंता जताई और वडोदरा के लोगों के लिए राहत तथा बचाव के उपायों के बारे में भी जाना। पीएम ने राज्य को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ के बाद बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए सफाई के उचित उपाय किए जाएं।

### बिहार में 7 दिन तक तेज बारिश की संभावना नहीं

बिहार में मानसून की स्थिति सामान्य बनी हुई है। कई जिलों में हल्की बारिश हुई है। वहीं, मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 29 अगस्त से लेकर सितंबर के पहले हफ्ते तक किसी भी जिले में मूसलाधार बारिश होने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने गुरुवार को किसी भी जिले में बारिश होने की संभावनाएं नहीं जताई है।

पिछले 24 घंटे के दौरान बिहार में 5.2 एमएम ही बारिश हुई है। वहीं जिले की बात करें तो सबसे ज्यादा बारिश रोहतास में 65.6 एमएम दर्ज की गई है।

## भोजपुर में बाढ़ से हजारों लोग परेशान

**सड़क पर आया बाढ़ का पानी, चल रही नाव; जान जोखिम में डाल सफर करने को ग्रामीण मजबूर**



**आरा(भोजपुर),एजेन्सी।** भोजपुर जिले के ज्ञानपुरा गांव के लोग लगभग डेढ़ महीने से बाढ़ की समस्या को झेल रहा है। सड़क पर पानी चढ़ने की वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। अब बाढ़ का पानी पूरे सड़क पर फैल चुका है। बाढ़ का पानी बढ़ने की वजह से ज्ञानपुरा गांव में जाने वाली सड़क डूब चुकी है। इसकी वजह से लोग अब नाव का सहारा ले रहे हैं। इस गांव में हजारों लोग हैं, जो इससे प्रभावित हैं। प्रतिदिन छोटी नाव से लोग मेन सड़क पर आते हैं और फिर यहां से नाव पर बैठकर गांव की ओर जाते हैं। दिन और रात इसी छोटी नाव की मदद से ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर आना-जाना पड़ रहा है। वहीं, पानी बढ़ने की वजह से गांव के स्कूल को भी बंद कर दिया गया है।

# रेप आरोपी को पकड़ने गई दिल्ली पुलिस टीम बनी बंधक

### पूर्णिया में कपल के बेडरुम में बिना नॉक किए घुसे, साथ नहीं थी महिला पुलिसकर्मी

**पूर्णिया,एजेन्सी।** पूर्णिया में दिल्ली पुलिस की टीम को लोगों ने बंधक बना लिया। दिल्ली पुलिस रेप के आरोपी को पकड़ने पहुंची थी। लेकिन आरोपी के घर की जगह पुलिस किसी अन्य दंपती के बेडरुम में घुस गई। इसके बाद लोगों ने बवाल मचा दिया।

गुस्साए लोगों ने दरोगा विकास यादव और उनकी टीम में शामिल अन्य 4 पुलिसवालों को बंधक बना लिया। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय कसबा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। मामला कसबा थाना क्षेत्र के गुदड़ी बाजार की है।बता दें कि दिल्ली पुलिस बिना स्थानीय पुलिस, बिना महिला पुलिसकर्मी, बिना वारंट के कसबा थाना क्षेत्र के गुदड़ी बाजार पहुंची। यहां उन्हें विक्की सिंह उर्फ विक्की ठाकुर के घर पहुंचना था। लेकिन पुलिस गलती से कृष्णा चौधरी के घर पहुंच गई। इससे गुस्साए लोगों ने बवाल काटा।

**अपने भूल के लिए लिखित में मांगी माफी :** इस घटना को लेकर दारोगा विकास यादव ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि वे रेप केस में फरार चल रहे विक्की ठाकुर नाम के आरोपी को पकड़ने दिल्ली से पूर्णिया पहुंची थी। उन्हें ये सूचना मिली थी कि आरोपी पूर्णिया के कसबा में छिपा है। आरोपी दिल्ली से भागकर कसबा थाना क्षेत्र के गुदड़ी बाजार इलाके में स्थित अपने ससुराल में छिपा है। हालांकि, वे गलती से आरोपी विक्की ठाकुर के घर की जगह किसी कृष्णा चौधरी नाम के शख्स के घर में घुस गए। अपने इस भूल के लिए हमने लिखित में माफी मांगी है।

**दंपती के बेडरुम में बिना नॉक के घुसी पुलिसः** जानकारी देते हुए कृष्णा चौधरी ने बताया कि वे अपनी पत्नी के साथ बेडरुम में थे। तभी अचानक दिल्ली पुलिस की टीम उनके रूम में घुस आई। इनमें से 1 वर्दी में थे, जबकि बाकी के 4 सादे लिबास में थे। वे कुछ पूछते इससे पहले ही उन्होंने मेरी और मेरी पत्नी की कलाई पकड़ ली। जबरन खींचते हुए घर के बाहर ले गए।

जब उन्होंने पूछा कि उनकी गलती क्या है। इस पर दिल्ली पुलिस की टीम ने बताया कि वे रेप कांड के आरोपी विक्की ठाकुर को पकड़ने पहुंचे हैं। इस पर उन्होंने बताया कि वे विक्की नहीं। न ही वे दिल्ली गए हैं। उन्होंने किसी का कोई रेप नहीं किया है। इसके बाद कृष्णा ने अपना आधार कार्ड दिखाया। इस पर पुलिसवालों को अपनी गलती का एहसास हुआ।

## बिहार में अनुकंपा पर नौकरी के लिए नियम में बदलाव

**बालिग होते ही दावा पेश करना अनिवार्य, सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किए आदेश**

**पटना,एजेन्सी।** बिहार सरकार ने अनुकंपा पर नौकरी देने में बड़ा बदलाव किया है। सरकारी कर्मचारी की मौत पर नाबालिग बच्चों को तभी नौकरी मिलेगी, जब वह अपना दावा बालिग होने के एक साल के अंदर पेश करेगा। साल भर के बाद का उनका दावा नहीं माना जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने नए प्रावधान को लेकर आदेश जारी किए हैं।

### 1995 के प्रावधान में बदलाव

सरकार ने 29 साल बाद प्रावधान को बदला है। सामान्य प्रशासन विभाग ने नए आदेश में कहा है कि यदि आश्रित के माता पिता दोनों जीवित हैं अथवा उनके माता या पिता की मृत्यु के समय सरकारी सेवा की अर्हता नहीं धारण की जाती है तो नाबालिग आश्रित को बालिग होने के एक वर्ष अंदर अनुकंपा नियोजन के लिए दावा प्रस्तुत करना होगा।

**पूजा खेडकर को 5 सितंबर तक गिरफ्तारी से राहत**

## दिल्ली हाईकोर्ट में कहा था-यूपीएससी के पास मेरे खिलाफ ऐक्शन लेने का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बर्खास्त ट्रेनी IAS पूजा खेडकर की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक टाल दी है। पूजा के जवाब पर विचार करने और नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दिल्ली पुलिस ने और समय मांगा है। इसके बाद जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने पुलिस को निर्देश दिया कि आगे की कार्यवाही लंबित रहने तक खेडकर को गिरफ्तार न किया जाए। UPSC ने 31 जुलाई को पूजा का सिलेक्शन रद्द किया था। आयोग ने कहा कि था कि पूजा अब भविष्य में PSC का कोई एग्जाम नहीं दे पाएंगी। पूजा ने आयोग के इस फैसले को चुनौती दी है। 28 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट में जवाब दाखिल करते हुए कहा कि क्ष्स्ट के पास उनके खिलाफ कार्रवाई करने का कोई अधिकार नहीं है। अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1954 और प्रशिक्षु नियमों के तहत कार्रवाई केवल DoPT (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) ही कर सकता है, जो CSE 2022 नियमों के नियम 19 के अनुसार है। साल 2012 से 2022 तक उनके नाम या फिर सरनेम में कोई बदलाव नहीं हुआ है और न ही PSC को उन्होंने अपने बारे में कोई गलत

**बंगाल में अब ममता बनर्जी ने चला 'बाहरी कार्ड'**

# सीएम ने कहा-बाहरी लोग राज्य में हिंसा फैलाने की कोशिश कर रहे

### कोलकाता में हुए रेप और मर्डर कांड के चलते टीएमसी का भारी विरोध



**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता में हुए रेप और मर्डर कांड के चलते सीएम ममता बनर्जी और उनकी पार्टी टीएमसी को भारी विरोध झेलना पड़ रहा है। इस बीच ममता बनर्जी ने एक बार फिर से बाहरी कार्ड चल दिया है, जो उन्होंने 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी चला था। उन्होंने भाजपा के बंद पर निशाना साधते हुए कहा कि बाहरी लोग राज्य में हिंसा फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा, बाहर के जो लोग भी बंगाल में रह रहे हैं, उन्हें बंगाल से प्यार करना चाहिए। बंगाल के लोग उन्हें स्वीकार कर लेंगे। लेकिन बंगाल का नुकसान करने की कोशिश की तो फिर जवाब दिया जाएगा। ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि यदि आप लोग भाजपा के साथ मिलकर पुलिस को पीटते हैं त फिर कोई आपको भी पीट सकता है। हालांकि मैं नहीं चाहती कि यहां आपस में कोई विवाद हो। यही नहीं उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग हमें बांग्लादेश समझते हैं। मैं उन्हें बता दूं कि हम बांग्लादेश से प्यार करते हैं। वे हमारी तरह बात करते हैं। उनकी संस्कृति और हमारी एक जैसी है। लेकिन यह ध्यान रखें कि बांग्लादेश एक अलग मुल्क है। भारतवर्ष एक अलग देश है। ममता बनर्जी ने इसके अलावा भाजपा शासित राज्यों पर विवादित बयान देते हुए कहा, यदि बंगाल को जलाने की कोशिश हुई तो फिर असम भी नहीं बचेगा।

पूर्वोत्तर में भी आग लगेगी। यहां तक कि उत्तर प्रदेश, बिहार भी नहीं बचेंगे।

## कोलकाता रेप विक्टिम के घर 3 कॉल किए गए थे

**ऑडियो सामने आए; अस्पताल स्टाफ ने पिता से कहा- बेटी ने सुसाइड कर लिया, जल्दी आइए**

**कोलकाता।** कोलकाता रेप-मर्डर केस को लेकर नई जानकारी सामने आई है। इसके मुताबिक आरजी कर मेडिकल कॉलेज की तरफ से ट्रेनी डॉक्टर के पेरेंट्स को बताया गया था उनकी बेटी ने सुसाइड कर लिया है।

9 अगस्त की सुबह ट्रेनी डॉक्टर की लाश मिलने के बाद अस्पताल की असिस्टेंट सुपरिंटेंडेंट ने उनके पेरेंट्स को आधे घंटे के अंदर तीन कॉल किए थे। पहला कॉल सुबह 10 : 53 बजे किया गया। इन कॉल्स में पेरेंट्स को जल्द से जल्द अस्पताल आने के लिए कहा गया था। तीनों फोन कॉल के ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। ये बंगाली में हैं। भास्कर इन ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।



# एकमा सीओ ने देवपुरा पंचायत के पीडीएस दुकानों व सरकारी स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** जिला प्रशासन के निर्देश पर एकमा के अंचलाधिकारी राहुल शंकर ने देवपुरा पंचायत के पीडीएस दुकानों व सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जन वितरण प्रणाली की दुकानों में रखे खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन के साथ-साथ स्टॉक एवं वितरण की जांच की। इसी क्रम में सीओ राहुल शंकर के द्वारा उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय देवपुरा व नवसृजित प्राथमिक विद्यालय टेसुआर एसएससी टोला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल परिसर की स्वच्छता, वर्ग कक्ष, छात्र व शिक्षकों की उपस्थिति, शौचालय व एमडीएम की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। शिव राहुल शंकर खुद स्कूल के बच्चों के साथ पंगत में बैठ कर अपने समक्ष उन्हें मध्याह्न भोजन कराते व बच्चों से इसकी



गुणवत्ता के बारे में फीडबैक लेते नजर आए।इस अवसर पर सीओ ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद किया। जिसमें बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए उनको मन लगाकर पढ़ाई करने की नसीहत दी। वहीं विशेष रूप से विद्यालय की छात्राओं से निर्भीक होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अगर कोई उन्हें परेशान करता है तो इसकी शिकायत वह सीधे मुझसे कर सकती हैं। उनकी पहचान को गोपनीय रखते हुए मामले की जांच करा कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर सीओ राहुल शंकर के साथ मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक कौशलेंद्र शाही आदि अन्य लोग मौजूद थे। मुख्यालय पहुंचकर जांच रिपोर्ट को सीओ राहुल शंकर के द्वारा संबंधित पदाधिकारी को भेज दी गई।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिता सह सम्मान आयोजित

### मेजर ध्यानचंद का जन्मोत्सव धूमधाम से मनी



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर मशरक मुख्यालय अवस्थित राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक में आयोजित हुआ कार्यक्रम। गुरुवार के दोपहर बाद बालक बालिका ग्रुप का हैंडबॉल मैच आयोजित किया गया। मैच समाप्ति के पश्चात हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाई गई। उनके तैलचित्र चित्र पर पुष्प अर्पित कर विद्यालय के शिक्षको के साथ खिलाड़ियों एवम छात्र छात्राओं ने केक काटा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों एवम खेल प्रशिक्षक को खेल दिवस की शुभकामना दी। मौके पर प्रभारी शिक्षक अरुण कुमार बरनवाल, जिला हैंडबॉल सचिव सह खेल प्रशिक्षक संजय कुमार सिंह ने मेजर ध्यानचंद का खेल और देश के लिए समर्पण को याद दिलाया । खिलाड़ियों ने विद्यालय परिसर में अवस्थित ग्राउंड की विधिवत पूजा अर्चना कर एक दूसरे को मिठाई बांटी। हैंडबॉल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को इस मौके सम्मान एवं शुभकामना देते हुए सभी को मिठाई देकर विदा किया गया। मौके पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक के खेल कोच राष्ट्रीय खिलाड़ी रितेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी सह कोच अभिषेक कुमार, पुष्पा कुमारी, आकाश कुमार, राजा कुमार सिंह, अंकित कुमार, शिक्षक रामप्रवेश पंडित, प्रभात चंद्र भूषण, महेश पोद्दार, श्वेता कुमारी, दुर्गा प्रसाद सहित अन्य ने कार्यक्रम की बेहतरी में सहयोग किया। मौके पर जिला हैंडबॉल सचिव ने कहा कि वर्ष 2023 - 24 में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक लेने वाले आधे दर्जन से अधिक हैंडबॉल खिलाड़ियों को समारोह आयोजित कर शीघ्र सम्मानित किया जाएगा।

# हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के जयंती पर परंपरागत खेलों का आयोजन किया गया

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर छपरा के प्रांगण में भारतीय हॉकी टीम के पूर्व स्टार खिलाड़ी और हॉकी जगत के जादूगर ध्यानचंद के जयंती के उपलक्ष्य में परंपरागत खेलों का आयोजन किया गया । इस आयोजन का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के सचिव सुरेश प्रसाद सिंह एवं प्रधानाचार्य फणीश्वर नाथ ने दीप प्रज्वलन कर किया । विभिन्न वक्ताओं ने मेजर ध्यानचंद के जीवनी एवं उनके उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके जयंती को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है ।उन्होंने भैया बहनों को बताया कि उनके जीवन से सीख लेकर अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। इस राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में



विद्यालय द्वारा लगभग 45 परंपरागत खेलों का आयोजन किया गया। जिसमे 750 भैया-बहन प्रतिभगी के रूप में भाग लिया । इस प्रतियोगिता के प्रथम,द्वितीय, ,तृतीय विजेता को गोल्ड,सिल्वर और ब्रॉन्ज से सम्मानित किया गया। पूरे खेल का आयोजन प्रधानाचार्य फणीश्वर नाथ के नेतृत्व में किया गया तथा विभिन्न खेल समूह का संयोजक अशोक पुरी, सचिंद्र उपाध्याय, अनिल कुमार आजाद,राजेश पाठक,मणिभूषण थे । प्रत्येक खेल समूह के खेल प्रमुख सभी कक्षाओं के कक्षाचार्य शैलेंद्र मिश्र, राजेश कुमार, विशाल कुमार, राहुल सिंह, आशुतोष चौधरी, दीपक कुमार, शुभम कुमार ,गीतांजली कुमारी, दर्शना सिंह, नीलू सिंह, इंदु कुमारी , रिचा गुप्ता, अविनाश तिवारी तथा अन्य आचार्य बंधु भगिनी थे। इस खेल उत्सव का समापन विद्यालय के खेल प्रमुख रंजीता कुमारी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# उच्च विद्यालय जलालपुर में शुरू हुआ प्रथम सोपान परीक्षण शिविर

### स्काउट गाइड से बच्चो में होता है शारीरिक,मानसिक और नैतिक विकासः रीता पाल



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के निर्देश पर प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन उच्च विद्यालय जलालपुर में किया गया।जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के द्वारा शिविर प्रधान के रूप में इस्लामिया उच्च विद्यालय के शिक्षक एवम स्काउट मास्टर अरुण परासर एवं गाइड में उच्च माध्यमिक विद्यालय बकवा पानापुर की शिक्षिका एवम गाइड कैप्टन डॉ0 सुषमा सिंह को नियुक्त किया गया है।शिविर में भाग लेने वाले स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा,गांठ विद्या,ध्वज शिष्टाचार,ड्रिल,सफाई, व्यायाम,सीटी संकेत,खेल व ताली आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा।उद्घाटन समारोह में विद्यालय की प्राचार्या रीता पाल ने कहा कि आज के परिवेश में बच्चों में स्काउटिंग गाइडिंग की शिक्षा बहुत ही जरूरी है,स्काउटिंग शिक्षा बच्चों को स्वालंबन व अनुशासन के साथ साथ देश प्रेम की भावना का विकास करता हैं।वहीं विद्यालय के शिविर प्रधान गाइड डॉ0 सुषमा सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड से बच्चों में शारीरिक,मानसिक और नैतिक विकास होता है।इस शिविर में उच्च विद्यालय जलालपुर बाजार के अलावे शंकर दयाल सिंह बालिका उच्च विद्यालय जलालपुर की गाइड भाग ले रही है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मयंक कुमार,राजेश कुमार शुभांगी,विजय साहू, दीपक सिंह आदि उपस्थित थे।

## वि.स. चुनाव को लेकर बूथों में मूलभूत सुविधा का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**परसा(सारण)।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बीडीओ राकेश कुमार व सीओ चंदन कुमार ने परसा प्रखंड के कुल 114 बूथों का भौतिक सत्यापन किया । बीडीओ राकेश कुमार ने बताया कि परसा प्रखंड के परसा विधानसभा क्षेत्र के 62 बूथों व अमनौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 52 बूथों का सत्यापन किया गया है। वही सीओ चंदन कुमार ने बताया कि इस दौरान बूथों पर मतदाताओं को सविधा को देखते हुए चापाकल, शौचालय,बिजली,के अलावे बूथों पर अन्य सुविधाओं का भी सत्यापन किया गया है।

**शराब सहित धंधेबाज गिरफ्तारः एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड क्षेत्र के टेसुवार गांव में छापेमारी कर रसूलपुर थाने की पुलिस ने 6 पीस 8 पीएम व ऑफिसर च्वाइस की एक पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया। पुलिस त्वरित ने कार्रवाई कर मौके से शराब के धंधेबाज रणजीत साह को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार आरोपित को जेल भेज दिया है।

## साइकिल से विधालय जा रहे छात्र को बाइक सवार ने मारी टक्कर, रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सहाजितपुर मुख्य सड़क पर मशरक के मगुरहा गांव में अनियंत्रित बाइक सवार ने साइकिल सवार छात्र को टक्कर मार दी। जिसमें साइकिल सवार छात्र को गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने छात्र की गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल मगुरहा गांव निवासी विरेन्द्र राय का 13 वर्षीय पुत्र मालिक कुमार हैं। जो मगुरहा गांव से साइकिल से मदारपुर में निजी विधालय में पढ़ने जा रहा था कि मगुरहा गांव में पेट्रोल पंप के पास दुर्घटना हो गई।

**राष्ट्रीय पोषण माह :**

# 01 से लेकर 30 सितंबर तक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से बढ़ाई जाएगी जागरूकता

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण जिला सहित राज्य के सभी जिलों में आगामी 01 से लेकर 30 सितंबर तक पोषण महाअभियान चलाया जाएगा। पोषण माह को सफल बनाने के लिए समेकित बाल विकास परियोजना बिहार के निदेशक कौशल किशोर ने राज्य के सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी और बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के पत्र के आलोक में अगले महीने शुरू होने वाले राष्ट्रीय पोषण माह आयोजित करने के संबंध में पत्राचार किया है। हालांकि पोषण माह की औपचारिक शुरुआत हो गई है। लेकिन सोमवार से इसकी आधिकारिक तौर पर जिलाधिकारी अमन समीर और आईसीडीएस की डीपीओ कुमारी अनुपमा द्वारा पौधारोपण कर इसका आगाज किया जाएगा।

**पोषण माह को सफल बनाने के लिए समेकित बाल विकास परियोजना से संबंधित सभी अधिकारियों को दिया गया आवश्यक दिशा निर्देशः जिलाधिकारी**

जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि राज्य सहित सारण जिले में 01 से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण महाअभियान का आयोजन पूरे जिले किया जाएगा। जिसकी शुरुआत कर दी गई है। पोषण माह को सफल बनाने के लिए समेकित बाल विकास परियोजना की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिले की सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और राष्ट्रीय पोषण अभियान के जिला समन्वयक सहित प्रखड़ समन्वयक को आगामी रविवार से शुरू होने वाले महाअभियान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। ताकि शत प्रतिशत सफल बनाया जाए। हालांकि इसके लिए सितंबर माह में अलग- अलग गतिविधियों के माध्यम से पोषण पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। पोषण माह के दौरान समग्र रूप से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर में आपेक्षित सुधार लाने और 3 से 6 वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक देखभाल एवं शिक्षा के प्रति समुदाय को संवेदनशील बनाने के लिए जन भागीदारी से गतिविधियों का आयोजन कर जनांदोलन का रूप दिए जाने का प्रयास है।

### प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रतिदिन अधिकतम पांच गतिविधियों का आयोजन करना जरूरी

समेकित बाल विकास परियोजना की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी अनुपमा ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान जिले में एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि एवं पारदर्शिता लाने के लिए तकनीक का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण, पोषण को प्रभावित करने वाले क्षेत्र में सामूहिक जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित किया जाना है। जिसमें मुख्य रूप से पोषण माह के दौरान प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रतिदिन अधिकतम पांच गतिविधियों का आयोजन कर उसका प्रतिदिन का रिपोर्ट ससमय जन - आंदोलन डैश बोर्ड पर अपलोड किया जाना है। वहीं उत्कृष्ट गतिविधि से संबंधित एक सफल कहानी से संबंधित फोटो और प्रतिवेदन पोषण अभियान के दौरान बनाई गई समूह में साझा करना है। पोषण माह के दौरान कस्तूरबा बालिका विद्यालय, दिव्यांग जन विद्यालय के साथ ही अन्य विद्यालयों में खून की जांच कर एनीमिया की पहचान की जाएगी। साथ ही छह माह तक शिशु के लिए सिर्फ स्तनपान एवं इसके बाद अनुपूरक आहार की जरूरत पर भी ध्यान दिया जाएगा।

## सोशल मीडिया पर देशी कट्टा लहराने वाले दो नाबालिक को बनियापुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर।** सोशल मीडिया पर देशी कट्टा लहराने वाले दो नाबालिक को बनियापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के लिए की गई छापेमारी के दौरान देशी कट्टा के आलावें एक मोबाइल, एक खोखा तथा एक चाकू भी बरामद किया गया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष आषुतोष कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर देशी कट्टा लहराते लुल्हा धनाव का 15 वर्षीय नाबालिक का फोटो वायरल हुआ था। स्थानीय चौकीदार द्वारा फोटो पहचान के बाद पुलिस ने नाबालिक को पकड़ा था। तब उसने



बताया कि यह फोटो उसका है परन्तु, देशी कट्टा उसके मित्र का है। इस मामले में नाबालिक के निशानदेही पर दूसरे नाबालिक को धनाव से गिरफ्तार कर लिया। जहां बांसवारी में देशी कट्टे को मिट्टी के अंदर छुपा कर रखा गया था। पुलिस ने दोनो नाबालिकों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की प्राथमिकी दर्ज की है।

## संविधान सभा की बैठक में प्रस्ताव पर की गई चर्चा




**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** प्रखंड जन सुराज कार्यालय परिसर में संविधान सभा की बैठक संविधान निर्माण समिति के सदस्य डॉ.अर्जुन सिंह यादव के उपस्थिति में आयोजित की गई । जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजीव सिंह तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष संतोष पटेल ने किया। कार्यक्रम में पार्टी निर्माण को लेकर संविधान तैयार करने हेतु एक-एक प्रस्तावना पर सभी संस्थापक सदस्यों से राय सुमारी एवं उनकी सहमति ली गई। मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने बताया कि दो अक्टूबर को एक करोड़ संस्थापक सदस्य मिलकर जन सुराज को एक राजनीतिक दल बनायेगे। जिसको लेकर संविधान तैयार करने में सभी संस्थापक सदस्यों की विभिन्न प्रस्तावों पर राय,सुझाव व सहमति हेतु प्रत्येक प्रखंड संविधान सभा की बैठक की जा रही है। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राम पुकार मेहता, अभियान समिति संयोजक प्रियरंजन सिंह युवराज, जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, जिला उपाध्यक्ष उषा देवी, प्रखंड संगठन महासचिव नीरज कुमार रवि, प्रखंड किसान अध्यक्ष महेश प्रसाद यादव, प्रखंड अभियान समिति के संयोजक भानु प्रताप सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष महम्मद अब्बास, प्रखंड प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह, पूर्व जिला पार्षद अमरेन्द्र बैठा, अरविन्द श्रीवास्तव, पिन्टू तिवारी, सुरेश महतो आदि जनसुराजी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अधिवक्ता मनन कुमार मिश्र को बीजेपी से राज्य सभा का सदस्य निर्वाचित होने पर अधिवक्ताओं ने दी बधाई

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार प्रांत के गोपालगंज जिलावासी एवं सुप्रिम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मनन कुमार मिश्र को भारतीय जनता पार्टी से राज्य सभा का सदस्य निर्वाचित होने पर अनुमण्डल अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में अधिवक्ता संघ के संस्थापक सह वरिष्ट अधिवक्ता विश्वनाथ सिंह, संघ के अध्यक्ष डॉ नवल कु.सिंह, महासचिव अभय कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुनिल कुमार श्रीवास्तव,आनंद कु.सिंह , अजय कु.सिंह पारसनाथ सिंह, अशोक सिंह, सलिल सोलंकी, राहुल सोलंकी, विजयशणी रामाशंकर राय, रमेश कुमार राय अव- दिलीप कुसिंह अवधेश सिंह,कोषाध्यक्ष राजु रजक आदि का नाम शामिल हैं।

## मुकदमा उठाने का दबाव देकर मारपीट में महिला घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के गोढ़ना गांव में पहले से दर्ज मुकदमा को उठाने का दबाव देकर मारपीट में महिला को घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल गोढ़ना गांव निवासी कुसुम देवी पति शिवधारी साह हैं। घायल महिला ने थाना पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं घायल महिला ने बताया कि वह अपने दरवाजे पर बैठीं थीं कि पड़ोस के ही तीन लोगों ने लाठी डंडे से लैश होकर मारपीट करने लगें और पहले से चल रहे मुकदमा को उठाने की धमकी दी। पुलिस जांच में जुटी है।

## पटना मशरक थावे विशेष ट्रेन 92 फेरों के लिए 31 दिसम्बर तक चलेगी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलायी जा रही 03215/03216 पटना-थावे-पटना विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 31 दिसम्बर, 2024 तक 92 फेरों के लिये किया जायेगा। इसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 03215 पटना-थावे विशेष गाड़ी पटना से 12.10 बजे प्रस्थान कर थावे 17.40 बजे पहुंचती है। वहीं

03216 थावे-पटना विशेष गाड़ी थावे से 18.25 बजे प्रस्थान कर पटना 23.45 बजे पहुंचती है। जो 31 दिसम्बर 24 को 92 फेरों के लिए चलाई जाएंगी।

## आपसी विवाद में मारपीट में तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चांद कुदरिया गांव में दो अलग-अलग इलाकों में मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। घायल चांद कुदरिया गांव निवासी संगीता कुमारी उम्र 21 वर्ष पिता विराट कुमार ने बताया कि पड़ोसी से मारपीट हो गई। वहीं चांद कुदरिया में ही बहन के यहां आए मारपीट में सिवान जिले के लकड़ीनवीगंज थाना क्षेत्र के पड़ौली गांव निवासी क्यामुद्दीन उम्र 29 वर्ष पिता साबिर मियां और निजामुद्दीन उम्र 35 वर्ष पिता साबिर मियां घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में हुआ। थाना पुलिस को आवेदन दिया गया।

# सारण जिला परिषद अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित, अध्यक्षा जयमित्रा देवी की गई कुर्सी

## सभी 47 सदस्यों की उपस्थिति में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के उपरांत हुई मत विभाजन की प्रक्रिया

## अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पड़े 29 मत तथा विपक्ष में पड़े 18 मत

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** गुरूवार को समाहरणालय सभागार में सारण जिला परिषद अध्यक्ष के विरुद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को लेकर पूर्व से निर्धारित समय पर जिला परिषद की विशेष बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहुत की गई।इस बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष सहित सभी 47 सदस्य उपस्थित हुये। सभी उपस्थित सदस्यों की उपस्थिति पंजी में दर्ज की गई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा अविश्वास प्रस्ताव में लगाये गये आरोपों को कंडिकावार पढ़कर सदस्यों को सुनाया गया। इसके उपरांत पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों द्वारा इन आरोपों को लेकर आपस में चर्चा की गई।चर्चा समाप्त होने के उपरांत मत विभाजन की प्रक्रिया अपनाई गई। इससे पूर्व सभी सदस्यों को मत विभाजन की प्रक्रिया एवं बैलट पेपर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को लेकर मत विभाजन किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों को एक एक कर नाम लेकर पुकारा गया तथा उन्हें जिला पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित बैलेट पेपर उपलब्ध कराया गया।मतदान के उपरांत मतों की गणना की गई। अध्यक्ष के विरुद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 29 मत पड़े तथा अविश्वास प्रस्ताव के विपक्ष में 18 मत पड़े। इस प्रकार बहुमत के आधार पर अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित करते हुये अध्यक्ष का पद रिक्त घोषित किया गया। बता दें कि जिला परिषद के अध्यक्ष पद पर आसीन जयमित्रा देवी




अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाने पर पद से अपदस्थ हो गई। पीछले कुछ महीनों से विपक्षी पार्षदों का गुट अध्यक्षा जयमित्रा देवी को अपदस्थ करने की मुहीम में लगा था। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद विश्वास प्रस्ताव पारित होने पर विपक्षी पार्षदों में खुशी दिखी और सभी ने एकजुटता प्रदर्शित किया। वहीं निवर्तमान अध्यक्षा जयमित्रा देवी ने कहा की उनके साथ धोखा किया गया। वहीं अविश्वास प्रस्ताव में हारने के बाद जिला परिषद अध्यक्ष की कुर्सी रिक्त हो गई है। जिला पदाधिकारी के माध्यम से पंचायती राज विभाग मुख्यालय को पत्र लिखा जाएगा जिसमें अध्यक्ष के चुनाव से संबंधित तारीख निर्धारित करने की बात होगी ताकि नए अध्यक्ष का चुनाव किया जा सके।

# क्रांतिकारी शहीद राम वृक्ष ब्रह्मचारी की 79वीं पुण्यतिथि आज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार के सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी और किसान सत्याग्रही शहीद रामवृक्ष ब्रह्मचारी की 79 वीं पुण्यतिथि 30 अगस्त 24 को सबलपुर मे आयोजित श्रद्धांजलि समारोह मनायी जायेगी, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। उक्त बात के जनकारी देते हुए समाजसेवी अबध किशोर शर्मा ने गुरूवार को बताया कि क्रांतिकारी शहीद राम वृक्ष ब्रह्मचारी की 79वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को मनाई जायेगी। इस बार समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव आ रहे हैं।समारोह का आयोजन शहीद के पैतृक ग्राम सोनपुर प्रखंड के सबलपुर दियारे के बभनटोली स्थित मध्यवर्ती पंचायत भवन परिसर में उनकी प्रतिमा स्थल के पास किया जायेगा। इस समारोह में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व अतिथि प्रोफेसर राघव शरण शर्मा मुख्य वक्ता होंगे। सच कहिए तो''जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरियसी'' के लिए सर्वस्व समर्पण की भावना युवक रामवृक्ष में बचपन से ही थी।भारत माता को ब्रिटिश बेड़ियों से मुक्ति के लिए उन्होंने काशी नगरी में बाबा विश्वनाथ के समक्ष आजीवन ब्रह्मचारी रहने का संकल्प लिया था जिसके कारण क्रान्तिकारियों की टोली में उनकी भीष्म प्रतिज्ञा के कारण उनके नाम के साथ सदा के लिए ब्रह्मचारी जुट गया। काशी से वापसी हुई तो उन्होंने पटना सिटी के इलाके को अपना कार्य स्थल बनाकर युवा क्रांतिकारियों की टोली के पथ प्रदर्शक बन गए।प्रसिद्ध इतिहासकार स्व. डॉ.के.के.दत्त के इतिहास की पुस्तक में लिखा है कि बिहार में 1939 में श्री राहुल सांकृत्यायन के नेतृत्व में छपरा जिला अन्तर्गत अमवारी (अब सिवान) नामक स्थान में किसानों ने बकास्त सत्याग्रह शुरु किया। आंदोलन के क्रम में 24 फरवरी को 16 सत्याग्रहियों के साथ राहुलजी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें छह महीनें की सजा दी गई। किसान नेताओं को राजनैतिक बन्दी घोषित किए जाने एवं अन्य सुविधाओं सहित अपनी मांगों को लेकर राहुलजी ने जेल में भूख हड़ताल की। राहुल जी की मांगों के समर्थन में श्रीरामवृक्ष ब्रह्मचारी ने भी 77 दिनों की भूख हड़ताल की । वहीं स्वामी सहजानंद सरस्वती ने अपनी पुस्तक ''मेरा जीवन संघर्ष के 523-24 वें पृष्ठों पर रामवृक्ष ब्रह्मचारी को एक कुशल संगठनकर्ता व नेतृत्वकर्ता बताते हुए लिखा है कि अमवारी में श्रीरामवृक्ष ब्रह्मचारी ने पैदल 14 मील सीवान तक जुलूस का जो सुन्दर प्रबंध किया, जिसमें स्त्रियां भी लाल कपड़ों में थी, सीवान शहर में हमने उस जुलूस का जो महत्व देखा, और उसने लोगों पर जो असर किया वह सभी बातें चिरस्मरणीय रहेंगी। वहीं ब्रह्मचारी जी को आधी रात के बाद पुलिस पकड़ने आई तो औरतों ने घेरकर ऐसा रोका कि पुलिस दंग रह गई। पीछे समझाने पर कठिनता से हटी। उन्होंने लिखा कि ब्रह्मचारी जी तो इस्पात के बने हैं। किसान बन्दियों को लेकर पूरे 90 दिनों तक भूखे रहे और मृत्यु शय्या पर ही छूटे।न सिर्फ उनके गांव सबलपुर को बल्कि किसान आंदोलन को, खासकर मुझे उस जैसा साथी पाने का गर्व है। अगस्त क्रांति के सिलसिले में भारत रक्षा अधिनियम 26 (11) ख के अन्तर्गत नजरबंद किए गए व्यक्तियों की सरकार द्वारा सारण जिले की अधिकृत सूची के अनुसार रामवृक्ष सिंह ब्रह्मचारी क्रमांक-6 आदेश संख्या-98 तिथि 10 अगस्त 42 के अनुसार 10 अगस्त 42 को गिरफ्तार किए गए। और पटना कैम्प जेल में उन्हें रखा गया। पुनः उन्हें फुलवारी शरीफ और वहां से हजारीबाग जेल स्थानांतरित किया गया। हजारीबाग जेल में ही 30 अगस्त 1945 को उनकी मृत्यु हो गई। ऐसे वीर क्रन्तिकारी को याद करना व श्रधांजलि देना हर लोगो को परम कर्तव्य बनता हैं।

# परसा के गाँधी कहे जाते थे पंडित द्वारिकानाथ तिवारी- पूर्व विधायक रघुनंदन



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** जिले के प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और पूर्व सांसद पंडित द्वारिकानाथ तिवारी की 31वीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव दरियापुर प्रखंड के भैरोपुर में उनकी तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रघुनन्दन मांझी ने कहा की भारत को आजाद कराने में परसा के गाँधी के नाम से मशहूर पंडित द्वारिका नाथ तिवारी की परसा में महती भूमिका थी, जिस कारण तत्कालीन राष्ट्रीय नेताओं का इन पर ध्यान रहा और आजादी मिलने पर इन्होने लगातार तीन दशकों तक सारण सहित बिभिन्न क्षेत्रों से सांसद बनते रहे जो की बहुत बड़ी बात थी। सारण जिले के गुमनाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की वीर गाथा को राज पत्रिका के माध्यम से प्रकाशित करने वाले समाजसेवी और जन सुराज के जिला सभापति अशोक सिंह को इस यादगार कृति के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अशोक सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा की द्वारिका बाबू झूठ के प्रबल बिरोधी थे।अपने जीवन में इन्होने सच्चाई के साथ कभी समझौता नहीं किये और जब जरुरत पड़ी तो अपनी ही पार्टी की सरकार से 1977 में किनारा करने का काम किया। ऐसे महान लोग पर सारण को गर्व है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम परिक्षण शर्मा और मंच का संचालन प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष तरुण कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर राजनाथ राय, हरेश यादव,डॉ के एन सिंह,रामअयोध्या राय,कमलेश राय, रामपरीक्षण शर्मा,गोपेश्वर नाथ तिवारी,अजय तिवारी, राज तिवारी, रामविहारी सिंह, इन्द्र कुमार पाण्डेय, मुन्ना ठाकुर, डॉ शंकर चौधरी, धर्मेंद्र कुमार धरम सहित अन्य शामिल हुए।

# ट्रेन से गिरकर एक 20 वर्षीय महिला की घटनास्थल पर हीं मौत

**दाउदपुर(मांझी)।** छपरा-सीवान रेलखंड पर दाउदपुर स्टेशन के पश्चिम भोला ढाला और माने ढाला के बीच गुरुवार को किसी ट्रेन से गिरकर एक 20 वर्षीय महिला की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। मृत महिला के पास से मिले आधार कार्ड के अनुसार वह लखीमपुर असम की ज्योति कुमारी बतायी जाती है। घटना की सूचना मिलने पर लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं सूचना पर कुछ देर बाद पहुंची दाउदपुर थाना पुलिस व रेल पुलिस ने मृत महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। घटना दोपहर की बताई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोला ढाला और माने ढाला के मध्य अप व डाउन ट्रैक के बीच लहूलुहान पड़ी महिला के शव पर डाउन ट्रैक से गुजर रही मालगाड़ी की चालक की नजर पड़ी तो उसने तत्काल इसकी सूचना दाउदपुर स्टेशन मास्टर को दी। जिसके बाद स्टेशन मास्टर ने दाउदपुर थाना पुलिस को सूचित किया। कुछ देर बाद 112 नंबर वाहन के साथ एएसआई योगेंद्र प्रसाद पुलिस बल व चौकीदार दशरथ मांझी के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि मृत महिला के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई है। वह ब्लैक रंग का पैंट व चेकदार कुर्ती पहने हुए है।

# हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत भाकपा माले ने किया प्रदर्शन




**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को अपनी 13 सूत्री मांगो को लेकर प्रखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। भाकपा माले के जिला कमिटी के सचिव सभापति राय के नेतृत्व में भाकपा माले के कार्यकर्ता पानापुर बाजार से अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुँचे एवं जमकर धरना प्रदर्शन किया धरनार्थियों को संबोधित करते हुए सभापति राय ने कहा कि राज्य सरकार अपने वादे से मुकर रही है जिससे राज्य की गरीब जनता दयनीय जीवन जीने को मजबूर है धरना के पश्चात भाकपा माले के नेताओं ने बीडीओ एवं सीओ कार्यालय को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा उनकी प्रमुख मांगो में सभी भूमिहीन परिवारों को पांच पांच डिसमिल जमीन देने ,मनरेगा मजदूरों को साल में 200 दिन काम एवं 600 रुपये मजदूरी देने ,बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत गरीब परिवारों को दो लाख की सहायता राशि देने ,दाखिल खारिज के नाम पर अवैध उगाही बंद करने ,स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने ,गरीबो एवं किसानों को 200 यूनिट बिजली फ्री देने आदि मांगे शामिल है धरना को नागेंद्र प्रसाद ,अनुज कुमार दास ,वीरेंद्र राय ,मिंटू कुमार कुशवाहा ,रवींद्र महतो आदि ने भी संबोधित किया।

# डुमरी एवं कौरुधौरु पंचायत स्थित सड़क किनारे की अतिक्रमित जमीन से हटाया गया अतिक्रमण



**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** माँझी थाना क्षेत्र के डुमरी एवं कौरुधौरु पंचायत स्थित सड़क किनारे की अतिक्रमित जमीन से गुरुवार को बड़ी संख्या में पुलिस बल तथा सीओ की देखरेख में जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया। माँझी के सीओ सौरभ अभिषेक और माँझी थाना के पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में यह कारवाई की गई। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर डुमरी मुख्य सड़क के किनारे स्थित युगेश्वर यादव,लालबाबू यादव,श्री राम यादव, राजेश यादव, वकील यादव, प्रभुनाथ ओझा तथा छोटे ओझा के द्वारा किए गए अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। वही कौरुधौरु गाँव में दूध नाथ साह,जवाहर महतो, राजीव कुमार,शिव प्रसाद साह तथा प्रभुनाथ महतो के घरों से अतिक्रमण हटाया गया। माँझी के सीओ ने बताया की इन दोनों जगह पर सड़क किनारे अवैध तरीके से कब्जा किया गया था। जिनके विरुद्ध आज कार्रवाई की गई। पदाधिकारियों ने अवैध जमीन कब्जा करने वालो को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दुबारा कब्जा हुआ तो पुनः प्रशासनिक कारवाई निश्चित होगी।

# हरिद्वार से भूमिपरी करते मांझी पहुंचे डंडी बाबा का हुआ स्वागत

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** विश्व कल्याण के उद्देश्य से अपने संकल्प को पूरा करने दस माह पूर्व हरिद्वार से दण्ड प्रणाम (भूमिपरी) करते गुरुवार को बिहार के मांझी चेकपोस्ट पर पहुंचे शिव दयाल राउत उर्फ डंडी बाबा का उत्पाद पुलिस के एएसआई समेत लोगों ने पूरे आदर के साथ स्वागत किया। बिहार के मधुबनी जिला निवासी शिव दयाल राउत उर्फ डंडी बाबा ने बताया कि विश्व कल्याण को लेकर वे यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने बताया कि बहुत दिन पहले वे साइकिल से हरिद्वार से झारखंड के बैधनाथ धाम की यात्रा कर चुके हैं। इधर दस माह की यात्रा में जगह-जगह लोगों द्वारा बहुत ही सम्मान मिला है। सहयोगी महेश्वर राउत ने बताया कि इस यात्रा में उनके साथ एक साइकिल है जिसपर वे अपने भोजन बनाने एवं सोने का सामान साथ लेकर चल रहे हैं। इस यात्रा का समापन झारखंड के बासुकीनाथ धाम में बाबा के दर्शन के बाद होगा।

# बाबा हरिहरनाथ न्यास समिति के अध्यक्ष बने प्रमोद मुकेश एवं उपाध्यक्ष बने बिनोद सम्राट

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर के पावन भूमि पर अवस्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति का पुनर्गठन अगले पाँच वर्षों के लिए किया गया, जिसमें बिहार के वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद मुकेश को मंदिर के अध्यक्ष, भाजपा नेता बिनोद सम्राट को उपाध्यक्ष, विजय कुमार सिंह को पुनः मंदिर के सचिव, सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश सिंह को सह सचिव, निर्भय कुमार सिंह को पुनः मंदिर के कोषाध्यक्ष, बैंक ऑफ इंडिया के ऑडिटर रहे मिर्जापुर भरपूरा निवासी मिथलेश कुमार श्रीवास्तव को सह-कोषाध्यक्ष जबकि कृष्णा प्रसाद महतो, दिनेश सहनी, गणिनाथ राय, चंद्रभूषण तिवारी एवं पूर्व मुखिया त्रिभुवन राय सदस्य मनोनीत किए गए। उक्त बात की जनकारी देते हुए हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह ने गुरूवार को जनकारी दी। मनोनयन की सूचना मिलते ही भाजपा नेता बिनोद सिंह सम्राट को उपाध्यक्ष सहित अन्य सभी सदस्यों को मनोनीत होने के सूचना मिलते ही सोनपुर सहित बिहार के विभिन्न जगहों से शुभकामना एवं बधाई सन्देश प्राप्त होना शुरू हो गया। बधाई देने वालों में धर्म जागरण समन्वय के क्षेत्र प्रमुख सुबेदार सिंह, बिहार विधान परिषद सदस्य प्रो. डॉ. राजेन्द्र गुप्ता, विधान पार्षद जीवन कुमार, भाजपा के प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, भाजपा नेता सत्येंद्र सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ठाकुर गौतम कात्यायन, अशोक कुमार सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह, अवधेश सिंह अधिवक्ता, जयन्त कुमार सिंह, प्रिन्स सिंह सहित सैकड़ो लोग रहे। भाजपा युवा मोर्चा के सह क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. आशुतोष कुमार, पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आलोक चन्द्रा, धर्म जागरण के जिला सह संयोजक राजेश कुमार सिंह ने अंगवस्त्र देकर श्री सम्राट को बधाई दिया।



# नौ दिवसीय अखण्ड अष्टयाम में पूजन को महिलाओं की उमड़ रही भीड़

## श्री कृष्ण सर्वेश्वर है उन्ही से भक्ति शक्ति और मुक्ति सम्भव : श्रीधर बाबा

**दैनिक खोज खबर/गड़खा।** सराय बक्स महर्षि श्रीधर बाबा नयन ज्योति अस्पताल चल रही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से चल रही नौ दिवसीय अखण्ड अष्टयाम में गुरूवार को सुबह से ही महिलाओं और पुरुषों की भीड़ राधे कृष्ण, शिव और हनुमान मंदिर में पूजन के लिए उमड़ पड़ी। पूजा के बाद श्रद्धालु यज्ञ मण्डप की परिक्रमा कर संत श्रीधर दास जी महराज के आर्शीवाद प्राप्त कर भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर रहे है।दूर दराज से व्यास , गायकों की मण्डली आकर हरे राम हरे कृष्ण महामंत्र विभिन्न धुनों पर गा आसपास के गावों की माहौल भक्तिमय बना दिए है। पूज्य गुरुदेव श्रीधर बाबा ने कहाकि भगवान श्री कृष्ण सर्वेश्वर है। पूरी दुनिया की रचना उन्होंने से स्वयं किया है। इसलिए सिर्फ कृष्ण की पूजन अर्चन जप से सभी देवी देवता की पूजा हो जाती है। भगवान श्री कृष्ण शरण में जाने से भक्ति शक्ति मुक्ति सहित सब कुछ प्राप्त हो जाती है। अष्टयाम की पूर्णाहुति 5 सितंबर को होगी।



# मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन एवं राष्ट्रीय खेल दिवस पर रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी में कई कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/ मैरवा (सिवान)।** भारत रत्न मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिन एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मैरवा प्रखंड स्थित रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिसमें से अंडर 14 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता,हॉकी प्रतियोगिता तथा हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के निदेशानुसार अंतर विद्यालय बालक एवं बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हैंडबॉल एसोसिएशन आफ सिवान की सचिव सलमा खातून ने बताया कि हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव राणा प्रताप सिंह के द्वारा बिहार के प्रत्येक जिलों को यह निर्देशित किया गया था कि मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिन के अवसर पर हैंडबॉल पखवाड़ा का आयोजन किया जाए इस निदेश के अनुसार आर एल बी एस ए फाउंडेशन द्वारा संचालित रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी में हैंडबॉल एसोसिएशन आफ सिवान द्वारा विभिन्न विद्यालयों जैसे आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय मैरवा,कन्या उच्च विद्यालय मैरवा, राजेंद्र कुष्ठ सेवाआश्रम बालिका उच्च विद्यालय मैरवा,उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिलासपुर ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर ,उत्क्रमित उच्च विद्यालय कबीरपुर ,हरीराम उच्च विद्यालय मैरवा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय इमलौली के बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। फाइनल मैच उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर एवं राजेंद्र कुछ सेवा आश्रम बालिका उच्च विद्यालय के बीच खेला गया



जिसमें राजेंद्र कुष्ठ सेवा आश्रम बालिका उच्च विद्यालय की टीम 10-4 से विजेता रही जबकि बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय धमौर एवं आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय मैरवा के बीच में फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय धमौर की टीम 5-3 से विजेता रही। विजेता टीम को आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय मैरवा के प्रधानाध्यापक मोहम्मद रफीक अंसारी ने विजेता ट्रॉफी प्रदान किया वहीं विज्ञानानंद केन्द्रीय विद्यालय चनौर के हिंदी विभाग के शिक्षक श्री शत्रुघ्न कुमार पांडे ने विजेता ट्रॉफी प्रदान किया। इस अवसर पर अभीषेक कुमार शर्मा, विवेक कुमार सिंह, राजन कुमार, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खुशबू कुमारी, चंदा कुमारी, निशा कुमारी ,राष्ट्रीय एथलीट उषा कुमारी, अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी, खुशबू कुमारी यादव सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शक एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

## पांच माह पूर्व दिल्ली से घर आया था सुविंदर, मौत के बाद शोक

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के नवलपुर में 27 अगस्त की देर शाम में मामूली विवाद में सुविंदर कुमार की तलवार से प्रहार कर हत्या कर दी गई। इस मामले में मृतक के पिता मुन्ना साह ने गांव के ही सूरज महतो को आरोपित किया है जिसे पुलिस गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दी है। इस घटना के तीसरे दिन भी स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।बताया जाता है कि सुविंदर दिल्ली में नौकरी करता था। वह पांच माह पूर्व दिल्ली से घर आया था। वह गांव आने के बाद हलवाई व मजदूरी का काम कर परिवार का खर्च चलाता था। उसकी हत्या से ग्रामीण सदमे में हैं। वहीं उसकी मौत से मां रंजती देवी समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## स्वास्थ्य जांच शिविर में 850 मरीजों का हुआ इलाज

**नौतन (सिवान)।** प्रखंड के विशुनपुरा गांव में सनातन चैंबर आफ कामर्स के राष्ट्रीय महासचिव ई. प्रमोद कुमार मल्ल की अध्यक्षता में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गोरखपुर से आए डा. शांतनु मल्ल बिसेन समेत अन्य चिकित्सकों द्वारा करीब विभिन्न गांवों से आए करीब 850 मरीजों की स्वास्थ्य जांच आवश्यक परामर्श व दवाएं दी गई। इस मौके पर कई गांव से रोगी पहुंचे हुए थे।

## स्वजनों से मिल ढाढ़स बंधाया

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के बड़का टेघड़ा निवासी धर्मराज यादव का निधन बुधवार को धमई नदी में डूबने से हो गया था। घटना की जानकारी होते ही विधायक विजय शंकर दुबे गुरुवार को मृतक के स्वजन से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया तथा हर संभव का मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्वजन शीघ्र ही सरकार से आपदा अनुग्रह अनुदान के मद से मिलने वाली चार लाख की सहायता राशि दिलाई जाएगी। वहीं विधायक ने टेघड़ा निवासी सह राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्यामदेव राय के स्वजनों से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया। उन्होंने श्यामदेव राय के कुशल व्यवहार की चर्चा की।

## महावीरी अखाड़ा मेला को ले गुल रही बिजली, लोग रहे परेशान

**सिवान।** महावीरी अखाड़ा मेला को लेकर गुरुवार की दोपहर 12 बजे से देर रात तक शहर में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही। आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामान करना पड़ा। वहीं संध्या होते ही शहर की कई सड़कों पर अंधेरा पसर गया था। इसके पूर्व 25 अगस्त की रात व 26 को दिन में चेहल्लूम को लेकर जबकि 27 की रात महावीरी अखाड़ा को लेकर पूरे दिन एवं पूरी रात शहर में बिजली की सप्लाई ठप रही थी। इस कारण इन चार दिनों में लोगों को भीषण गर्मी में बिजली बाधित रहने से काफी परेशानी का सामान करना पड़ा है।

## दो बाइक की टक्कर में दो घायल

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोड़ पर दो बाइक की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान नगर थाना क्षेत्र के दखिन टोला निवासी अनूप कुमार व विनय कुमार के रूप में हुई। घायलों ने बताया कि दोनों एक बाइक पर सवार होकर अस्पताल रोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में खाना देने जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने धक्का मार दिया। जिसे हम दोनों घायल हो गए।

## बहेरवा गांव का युवक 4 दिन से लापता , परिजनों ने थाने में दिया लिखित शिकायत

**पंचदेवरी(गोपालगंज)।** कटेया थाना क्षेत्र के बहेरवा गांव निवासी 19 वर्षीय गोलू गुप्ता पिछले 4 दिन से लापता है , काफी खोजबीन के बाद लापता युवक का कही आता पत्ता नहीं हुई तो परिजनों ने लिखित आवेदन देकर थाने में गुहार लगाई है। परिजनों ने बतलाया कि गोलू गुप्ता 26 अगस्त को अपने गांव बहेरवा से पासपोर्ट बनवाने हेतु गोपालगंज गया हुआ था , लेकिन उसके बाद अभी तक घर नहीं लौटा है । कटेया थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है उसके मोबाइल के सीडीआर के माध्यम से जांच किया जा रहा है , जैसे ही कोई सुराग मिलता है , परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।

## सड़क दुर्घतना में घायल प्रभारी प्रधानाध्यापक की मौत

**दरियापुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अकीलपुर निवासी शिक्षक सोनपुर-छपरा फोरलेन पर परमानंदपुर के पास अज्ञात वाहन के धक्के से बुरी तरह से घायल हो गए।जिनकी पीएमसीएच में इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गई।मृतक 45 वर्षीय शिक्षक अजय कुमार दरियापुर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय कोचवारा के प्रभारी प्रधानाध्यापक व बजहिया पंचायत के पूर्व मुखिया मजिस्टर राय के पुत्र थे।उक्त घटना बुधवार की शाम करीब आठ बजे की बताई जाती है।

## बाइक पलटने से दो सवार घायल

**एकमा (सारण)।** बारिश के दौरान एकमा बाजार की सड़क पर राहगीर को बचाने के दौरान बाइक के अचानक अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो सवार घायल हो गए। बताया जाता है कि आसपास के लोगों के द्वारा बाइक सवार दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य में कराया गया। बाजार के सड़कों पर क्रमशः स्टेशन रोड, हंसराजपुर ढाला रोड, मजिस्द रोड व ब्लॉक रोड में कीचड़ युक्त गंदे पानी का जमाव हो गया है। जिसके चलते लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है। बाजार के लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही व नगर पार्षदों के मनमानी के चलते आम जनता को परेशानी हो रही है।

## तीन शराबी गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** रसूलपुर थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के देवपुरा गांव में सड़क पर बेवजह हंगामा व हाथापाई कर रहे तीन पियक्कड़ों क्रमशः अमीर भर, परमेश्वर प्रसाद व मंटू भारती को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि पुलिस ने आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद गिरफ्तार तीनों पियक्कड़ों को जेल भेज दिया है।गांव के लोगों ने बताया कि संध्या में शराब तस्करों व पियक्कड़ों का इस क्षेत्र में आतंक उत्पन्न हो जाता है।

## जबरन स्मार्ट मीटर लगाने पर विधायक ने जताया विरोध

**मैरवा (सिवान)।** जीरादेई विधायक ने विद्युत विभाग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते हुए इसे उपभोक्ता अधिकारों पर हमला बताया है। विधायक अमरजीत कुशवाहा ने कहा है कि उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाए। उन्होंने कहा है कि बिहार में विरोध के बावजूद डबल इंजन की सरकार लगातार स्मार्ट मीटर लगवा रही है। लोगों की शिकायत है कि ज्यादा बिल आ रही है। फिर भी सरकार सुनने को तैयार नहीं है। इसका गांव-गांव में विरोध जारी है। मैरवा के करजनिया में स्मार्ट मीटर लगाने गए कर्मियों को विरोध का सामना करना पड़ा है। विधायक ने कहा है कि जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई नहीं रोकी गई तो उपभोक्ताओं के अधिकार की रक्षा के लिए बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने गरीबों को दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने और फर्जी बिल पर रोक लगाने की मांग सरकार से की है।

# सिवान में गूंजते रहे हरहर महादेव व बजरंगबली की जय के गगनभेदी नारे

**परवेज अख्तर/सिवान।** श्रीकृष्ण जनमाष्टमी के उपलक्ष्य पर निकलने वाला महावीरी झंडा अखाड़ा जुलूस विभिन्न अखाड़ों द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था के बीच गुरुवार को निकाला गया। परंपरागत तरीके से निकाले गए जुलूस के दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारे गूंजते रहे। जुलूस के दौरान विभिन्न समिति के युवाओं ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाएं। इस दौरान पूरा नगर केसरिया रंग से पटा रहा और देश भक्ति गीतों, मंत्र एवं जय श्रीराम के जयघोष देर रात तक लोगों को सुनने को मिले। जुलूस में विभिन्न अखाड़ों के युवाओं ने नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर तलवारबाजी, बनैठी, भाल फरसा, गादा, छड़ी खेल जैसे खतरनाक खेलों का घंटों प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं की वाहवाही लूटी। जेपी चौक पर देर रात तक लोग विभिन्न अखाड़ों के जुलूस को देखने के लिए जमे रहे। ग्रामीण क्षेत्रों से भी भारी संख्या में लोग जुलूस को देखने के लिए पहुंचे थे। जुलूस में हनुमान की झांकी लोगों को काफी आकर्षित की। वहीं गाजे-बाजे के साथ ही भक्ति गीतों की धुन पर युवा थिरकते रहे।



**गूंजते रहे हरहर महादेव व बजरंगबली की जय के गगनभेदी नारे :** पूरे नगर क्षेत्र में जय श्रीराम, हर-हर महादेव व बजरंग बली की जय के गगनभेदी नारे लग रहे थे। वहीं अन्य बाहर के कलाकारों द्वारा मनमोहक संगीत-नृत्य की प्रस्तुति की जा रही थी। महावीरी अखाड़ा जुलूस को लेकर शहर की हर सड़क पर भगवा रंग के झंडे लगाए गए थे। इससे शहर का दृश्य अलौकिक दिखाई पड़ रहा था। शहर की हर सड़क पर लोगों के साथ साथ श्रद्धालुओं ने माथे पर भगवा रंग के कपड़े बांध रखे थे। शांति वट वृक्ष से लेकर बड़ी मस्जिद तक श्रद्धालुओं द्वारा शहर की सड़कों पर विद्युत पोल सहित अन्य जगह झंडे लगाए गए थे।

**बच्चों ने भगवान का रूप धारण कर लोगों को दिए दर्शन :** शहर की सड़कों पर जितने भी अखाड़े निकाले गए, लगभग सभी द्वारा विभिन्न तरह की झांकियों का प्रदर्शन किया गया, जो सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र थे। बच्चों द्वारा बजरंगबली का रूप धारण करना सबसे ज्यादा चर्चा का विषय रहा। अन्य कलाकारों द्वारा सैनिकों के रूप में बंदूक लेकर सरहद की रखवाली करते भी देखा गया।

## विद्युत चोरी करने के आरोप में दो के विरुद्ध प्राथमिकी

**हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थाना क्षेत्र के मेरही गांव में विद्युत विभाग की टीम ने विद्युत चोरी करते दो लोगों को पकड़ा तथा उनके विरुद्ध थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई गई है। हसनपुरा जेई सतीश कुमार ने बताया कि हसनपुरा के विभिन्न गांवों में बिजली की चोरी की जा रही है तथा ससमय बिजली बिल जमा नहीं किया जा रहा है। इसके तहत विद्युत विभाग के सुपरवाइजर अमित पाठक व स्थानीय क्षेत्रीय मिस्त्री के सहयोग से एक टीम गठित की गई और पकड़ी पंचायत के मेरही में छापेमारी की गई जहां मुन्ना साह द्वारा अपने आवासीय मकान में बिजली के खंभे से अवैध रूप से टोका फंसाकर बिजली जलाते पकड़ा गया जो विद्युत विभाग का 69 वाट भार का बिजली चोरी की जा रही थी। इससे विद्युत विभाग को 7270 रुपये का क्षति हुई हैं। वही मेरही निवासी जगलाल साह द्वारा घरेलू मकान मे बिना कनेक्शन के अवैध रूप से सफेद तार से टोका फंसाकर लाइट जलाया जा रहा था जिससे विभाग का 78 वाट भार का क्षति हुआ और बिजली विभाग को 8217 रुपये की क्षति हुई है।

## राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष का निधन

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के टेघड़ा निवासी राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्यामदेव राय का निधन गुरुवार की सुबह हृदय गति रुकने से हो गया। वे छात्र जीवन से ही राजनीति में रहे। वे अधिकांश समय राजद पार्टी से जुड़े रहे। उनके निधन पर उनके निधन पर सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक विजय शंकर दुबे, पूर्व विधायक हेमनारायण साह, पूर्व विधायक रणधीर सिंह, प्रखंड प्रमुख बच्ची देवी, मुखिया आलोक सिंह, रत्नेश्वर यादव आदि ने शोक व्यक्त की है। ज्ञात हो कि श्यामदेव राय के भतीजा कन्हैया राय टेघडा पंचायत के मुखिया तथा महाराजगंज मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष हैं।

# डीजे जब्त के विरोध में लोगों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**परवेज अख्तर /सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के महादेवा अखाड़ा नंबर दस का डीजे थानाध्यक्ष द्वारा जब्त करने के विरोध में स्थानीय लोग गुरुवार की दोपहर आक्रोशित हो गए। आक्रोशित लोगों ने महादेवा रोड पर आवागमन बाधित कर प्रदर्शन करने लगे। इस कारण सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। आक्रोशित लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जाम की सूचना मिलते ही मौके पर महादेवा थानाध्यक्ष कुंदन पांडेय दल-बल के साथ पहुंचे और उन्होंने आक्रोशित लोगों से बात की। लोगों ने डीजे लाने की बात कही। इस पर थानाध्यक्ष डीजे देने को लेकर तैयार हुए इसके बाद आक्रोशित लोग शांत हुए और जाम समाप्त हुआ। इस मामले में स्थानीय लोगों ने बताया कि



अखाड़ा नंबर दस में एक ट्रैक्टर पर साउंड बाक्स लगा हुआ था जिसे थानाध्यक्ष द्वारा जब्त कर थाना लाया गया। इसी के विरोध में सड़क जाम हुआ था। थानाध्यक्ष द्वारा बाद में साउंड बॉक्स दे दिया गया। मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि हल्का सा लोग नाराज हुए थे जिन्हें शांत कर दिया गया।

